भारत देश की संस्कृति और जीवन शैली पूर्व से ही आदर्श पूर्ण रही है, और संस्कारों, रीति रिवाजो के कारण अन्य देशों से भिन्न है। संस्कारों का महत्व अन्य जांतियों में भी है परन्तु अन्य जातियों से भिन्न एवं श्रेष्ठतम संस्कार एवं जीवन शैली माथुर चतुर्वेदी समाज की रही है। आधुनिक शिक्षा की आवश्यकता एवं जीविकार्जन के कारण मथुरान्तों का विकेन्द्रीयकरण एवं गाँवों से बड़े शहरों में पलायन, जहाँ उपयुक्त समझा वहाँ निवास करना आवश्यक होगया। इन्हीं कारणों से चतुर्वेदी बान्धव अपने समाज से दूर हो गया। अन्य समुदायों के लोगों के साथ रहने के कारण रहन सहन भाषा, खान-पान, रीति रिवाज और संस्कारों एवं रीति रिवाजों, रस्मों की जानकारी अधिक न होने के कारण इनके प्रति आस्था कम हुई तथा कुछ हद तक रीति रिवाजों एवं संस्कारों का ह्रास भी हुआ। परन्तु माथुर चतुर्वेदी समाज कुछ हद तक संस्कारों को जीवित रखते हुए, आवश्यक संस्कारों एवं रीति रिवाजो को प्राथतिकता देते हैं।

संस्कारों की संख्या के बारे में ऋषियों - मुनियों में मतभेद रहा परन्तु माथुर चतुर्वेदी समाज में ऋग्वेद के आश्वलायन के गृहसूत्र एवं सामवेद के गोभिल गृहसूत्र के समन्वय से संस्कार होते आए हैं। सोलह संस्कारों (षोड़श संस्कारों) का निर्वाह चतुर्वेदी समाज में किया जाता है। कुछ संस्कारों का एक साथ एक ही समय निर्वाह किया जाता है। द्विज समुदाय में शिशु का जन्म प्रथम माता के गर्भ से और दूसरा जन्म संस्कारों द्वारा होने के कारण भी द्विज ब्राह्मण कहा गया है। द्विज समुदाय में संस्कारों के कारण माथुर चतुर्वेदी को सर्वोपरि माना गया है।

संक्षिप्त में सोलह संस्कार निम्न हैं -

1- गर्भाधान संस्कार - गर्भाधान संस्कार को प्रथम माना गया है। मनुष्य शरीर का सूत्रपात उसके माता के गर्भ में आने से शुरू हो जाता है।

2- पुंशवन संस्कार पचमासा - माथुर चतुर्वेदी समाज में पुंशवन संस्कार को पचमासा का नाम दिया गया है। यह संस्कार गर्भमास के पाँच माह के भीतर किया जाता है। इसलिये इसका नाम पचमासा पड़ा है। गर्भस्थिति का ज्ञान हो जाने के दो या तीन माह में यह संस्कार होना चाहिये।

3- सीमन्तोनयन संस्कार चौक - इस संस्कार को माथुर चतुर्वेदी समाज में चौक के नाम से जाना जाता है। अपने समाज में चौक संस्कार गर्भ मास के आठवे माह के शुभ मुर्हुत में करने का रिवाज है।

4- जात कर्म संस्कार - यह संस्कार पुत्र जन्म के समय सम्पन्न किया जाता है, इस संस्कार को करने से माता के अनियमित एवं असुद्ध खान पान से उत्पन्न समस्त दोषों, जिसका कुछ न कुछ दुष्प्रभाव नवजात शिशु पर यदि हुआ होगा, वह समाप्त हो जाता है तथा नवजात के जन्म होते ही समय देखकर उसे नोट अथवा अंकित कर लिया जाता है। यही अंकित समय जन्म पत्र बनाने का आधार होता है।

5- नामकरण संस्कार - माथुर चतुर्वेदी समाज में अधिकांशतः यह संस्कार एक माह के हो जाने पर शुभ मर्हूतानुसार किया जाता है। यदि किसी कारणवश यह समय से सम्पन्न न हो पाये तो पहली वर्ष गांठ के दिन अवश्य कर लेना चाहिऐ।

नामकरण संस्कार से नव शिशु को स्वयं का बोध होना प्रारम्भ हो जाता है तथा उसे अपने अस्तित्व का अनुभव होने लगता है।

6- निष्क्रमण संस्कार - नवजात बालक को प्रथमबार घर से बाहर ले जाने को 'निष्क्रमण संस्कार' कहते है। जन्में बच्चों का शरीर अति कोमल होने के कारण वायुमण्डल के दुष्प्रभाव, अन्य किसी चीज के प्रभाव से शरीर का बचाव रखते हुऐ जच्चा व नव शिशु को कुछ समय के लिऐ घर के भीतर ही रखा जाता है। कुछ समय पश्चात् अच्छे महूत के दिन ही घर से बाहर निकलने को निष्क्रमण संस्कार नाम दिया गया है। माथुर चतुर्वेदी समाज में यह संस्कार, जो बालक विजय दशमी के बाद जन्म लेते हैं, उन्हें होली पर 'होली की झर' होलिका दहन दिखलाकर तथा जो बालक होली के बाद जन्म लेते हैं उन्हें दशहरा के दिन घर से बाहर किसी देव के मन्दिर में दर्शन करवा दिये जाते हैं यह संस्कार भी ग्रामों तक ही सीमित है शहरों में बच्चों का जन्म घर के बाहर अस्पताल आदि में होने के कारण यह संस्कार लुप्त प्रायः हो गया है।

7- अन्न प्राशन संस्कार जूठा - अन्न का जीवन से अभिन्न संबंध है। अन्न के बिना मनुष्य जीवित नहीं रह सकता। फिर भी नवजात बच्चों को अन्न जो ठोस आहार है, नहीं दिया जाता क्योंकि नवजात की आँते 5-6 माह में सशक्त हो जाने से कुछ ठोस आहार लेने लायक हो जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए छः ठवें माह में शुभ मुहुर्त के दिन स्वजनों, सम्बन्धियों के साथ अन्न प्रासन्न संस्कार जूठा का आयोजन करते हैं। माथुर चतुर्वेदी नवजात बच्चे को खीर चावल एवं दूध से युक्त तरल पदार्थ खिलाकर आयोजन सम्पन्न करते हैं। खीर सुपाच्य और सात्विक होने के साथ साथ देव पूजन, यज्ञ कार्यों में भी इसकी उपयोगिता है। धीर धीरे बच्चा ठोस आहार लेने लगता है।

8- चूड़ाकर्म मुण्डन संस्कार मुड़ाउन - मुण्डन का सम्बन्ध मस्तिष्क से होने के कारण बैदिक संस्कृत में इस संस्कार को विशेष स्थान दिया गया है। मस्तिष्क की रक्षा हेतु गर्भ में ही इसके ऊपर केशों का आवरण होता है। केशों के गर्भ में मैले हो जाना स्वाभाविक है। अतः गर्भ से प्राप्त केशों को निकालने से मैल आदि दूर होते हैं। सिर के रोम की स्वच्छता, रोम कुपों में स्वच्छ वायु प्रवेश, विचार शक्ति का उद्दीपन होता है। मुण्डन का प्रभाव मस्तिष्क के विकास एवं उन्नत करने में सहायक होता है। नवजात शिशु का सिर - त्वचा, अति कोमल होने के कारण यह संस्कार जन्म के तुरन्त बाद न करके एक बर्ष के भीतर सूर्य के उत्तरायण होने पर शुक्ल पक्ष में करना उचित माना गया है।

9- कर्णवेध संस्कार - छिदाउन - कान को छेदना मस्तिष्क के विकास से समबन्धित माना गया है। कान नाक आँख मुँह, इंद्रियाँ मष्तिस्क से जुड़ी होने से, मष्तिस्क से संचालित होती हैं। बालकों के कानों पर संस्कार के नाम पर कानों पर रोली - चंदन की बूंदें रख कर संस्कार का समापन किया जाता है। परन्तु बालिकाओं के कानों को पूरी तरह से भेदा जाता है। शायद कर्णभेदन के कारण ही बालिकाओं के कान नाक सम्बन्धित विकार व मष्तिस्क में उठने वाले विकृत विचारों में अधिक उग्रता नहीं दिखाई देती।

10- विद्या आरमभ संस्कार - पट्टी पूजन - विद्या आरम्भ के लिये कोई समय सीमा तय नहीं की गई। माथुर चतुर्वेदी समाज का ग्रामों में निवास होना तथा बालक के पूर्ण स्वस्थ, चलने फिरने, सुनने समझने का ध्यान रखते हुए पाँच वर्ष की आयु होने पर पास के विद्यालय में शिक्षक के पास बालक को पट्टी पूजन संस्कार सम्पन्न कर लिया जाता था। बालक का शिक्षक से परिचय करा कर पाठशाला में नाम लिखवा दिया जाता।

बालक शिक्षक को प्रणाम कर विद्या अध्ययन के लिये समर्पित होता था। अब तो बालकों की शिक्षा 2-3 वर्ष से स्कूलो में नर्सरी से ही प्रारम्भ कर दी जाती है इस संस्कार का शहरों में उतना महत्व भी नहीं रहा।

11- उपनयन या यज्ञोपवीत संस्कार जनेऊ - द्विज ब्राह्मणों में यज्ञोपवित संस्कार का विशेष महत्व है। जनेऊ धारक चाहे किसी भी प्रान्त में हो वह द्विज श्रेणी में माना गया है। माथुर चतुर्वेदी सर्वश्रेष्ठ ब्राह्मणों के श्रेणी में आते हैं। अतः चतुर्वेदी समाज में यज्ञोपवीत संस्कार का बड़ा महत्व है। इस संस्कार का महत्व कुछ हद तक माथुर चतुर्वेदी समाज में अभी भी विद्यमान है। बालक जनेऊ संस्कार के बाद ही द्विज श्रेणी में आता है और वेद अध्ययन - धार्मिक संस्कार, यज्ञ आदि करने का अधिकार प्राप्त करता है। चतुर्वेदी समाज में जिस प्रकार रीति रिवाज और संस्कार करने का विधान अन्य समुदायों से भिन्न है उसी प्रकार यज्ञोपवीत संस्कार को सम्पन्न कराने की कार्य प्रणाली भी अन्य समुदायों से अलग तरह की निराली एवं शानदार रही है। यज्ञोपवीत संस्कार की तैयारी भी लड़के के विवाह की तरह हुआ करती थी। अब इस संस्कार को लड़के के विवाह के एक दिन पहले जनेऊ पहनवाकर सम्पन्न कर लिया जाता है। चतुर्वेदी समाज में युवक के यज्ञोपवीत संस्कार होने पर जनेऊ धारण करने की अनिवार्यता है। इसीलिये यह संस्कार अभी तक विद्यमान है।
यज्ञोपवीत संस्कार के साथ ही तीन संस्कार जैसे वेदारम्भ संस्कार, केशान्त संस्कार एवं समार्वतन संस्कार सम्पन्न किये जाते है।

12 - वेदारम्भ संस्कार - यह संस्कार की प्रथा उस जमाने की हो जब समाज में शिक्षा के प्रति अधिक जागरूकता न रही हो। गुरूकुलों, आश्रमों में बालक को वेद पढ़ना, अन्य शिक्षा का ज्ञान संभव रहा हो। बालक के वेदारम्भ में गायत्रीमंत्र, वेदाभ्यास आश्रम जीवन शैली के अनुसार केषधारन करना, भिक्षा आदि लेना आदि कार्य करते हुए विद्यार्थी जीवन रहा होगा।

13- केशान्त संस्कार - नाम से स्पष्ट है केशो को सिर से निकाल कर सिर को स्वच्छ स्वस्थ रखना एवं आश्रमो - गुरूकुलों के नियमों में मुण्डन रहा होगा। गुरूकुलों में शरीर, सिर आदि को उपलब्ध जल से स्वच्छ स्वस्थ रखा जाता था। यज्ञोपवीत संस्कार के साथ ही बटुक का शिर मुंडन करके केशान्त संस्कार को रस्म पूरी कर ली जाती है।

14- समार्वत्तन संस्कार - इस संस्कार के करने से, गुरूकुल के विद्यार्थी जीवन समाप्त हो जाता है गुरूजी की आज्ञा से आश्रम के रहन सहन का परित्याग कर बालक शिक्षा पूरी कर पुनः ग्रहस्थ जीवन प्रारम्भ करने के लिए घर आकर अपने बड़ों का सत्कार कर, आर्शीवाद लेता है। अपने परिवार के साथ रहकर ग्रहस्थ जीवन के लिये पूर्ण तैयार हो जाता है। प्रायः देखा गया है कि माथुर चतुर्वेदी समाज में ऊपर दिये तीनों संस्कार यज्ञोपवीत संस्कार के साथ ही सम्पन्न कर लिये जाते है।

15- विवाह संस्कार - हमारे पूर्वज चतुर्वेदी ब्राह्मणों ने चारों वेदों- ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद एवं अर्थववेद का सांग्ड़ो पांग्ड़ अध्ययन करके ही चतुर्वेदी उपाधि को ग्रहण किया था। चारों वेदों के महत्व को समझा। भारद्वाज एवं अन्य छः गोत्रों के वेद एवं शाखा अलग अलग होते हुए भी जाति के पुरूषों ने अति बुद्धविवेक से विवाह संस्कार की पद्धति सामवेदी और ऋग्वेदी दोनों यानी सातो गोत्रों एवं चौसठ अल्लों, जो चतुर्वेदी समाज में प्रचलित है, के लिये एक बना दी। विवाह संस्कार और पिता-प्रधान परिवार की व्यवस्था आज भी समस्त समाज में मान्य है। मानव प्राणी का पूर्णतय सामाजिक एवं सीमा में रहते हुए गृह जीवन का निर्वाह करना ही विवाह संस्कार का विशेष उद्येश रहा है। विवाह संस्कार को सम्पन्न करने में हमारा समाज अन्य जातियों से कुछ भिन्न हो रहा है। समय अभाव शहरों में निवास के कारण चतुर्वेदी समाज में भी विवाह संस्कार कन्यादान सप्तवदी, सात फेरे इत्यादि को सम्पन्न कराकर संस्कार की इति पूरति कर ली जा रही है। विवाह संस्कार के समय अपने समाज में एक विशेष आयोजन 'शाखोच्चार' का था जो अब शहरों में विवाह संस्कार के समय कम ही दिखाई देता है। शाखोच्चार एक जलसा ही है जो आवभगत मेल मिलाप, पालागन और जलपान के साथ सम्पन्न होता है। मुख्य उद्येश्य वर एवं वधू के गुरू जी बारी बारी से सामवेदी स्वरों से शाखोच्चार गायन करते, जैसे **'हरि ओम प्रयति पाणिः शंरण प्रपद्ये, स्वरित संवाधे, स्वभयन्तो अस्तु',** और वेद शाखा गोत्र प्रवर , कुलदेवी का वर्णन करते हुए हमारा सम्बन्ध ऐसे वेद वेत्ता ऋषियों से कराते हैं। शाखोच्चार को ध्यान से सुनने पर मन एक सिहरन आनन्द और स्फूर्ति से ओत प्रोत होने के साथ गर्व महसूस करता**,** कि हम चतुर्वेदी हैं।

16- अंन्तेष्ठी - मरणोपरांत संस्कार - इस नस्वर संसार में कोई भी वस्तु चल अचल जीव एवं मनुष्य प्राणी भी स्थाई या अमर नहीं है। मृत्यु एक ध्रुव सत्य है सभी प्राणी इस सत्य से अवगत हे कि पंच भूती शरीर से जीवआत्मा निकल जाने के बाद नीर्जिव शरीर की नष्ट प्रक्रिया स्वतः प्रारम्भ हो जाती है इसलिये मानव जाति अपनी संस्कृति एवं धर्म के अनुसार अंत्येष्ठी संस्कार अपने अपने स्नेही / प्रियजनों एवं स्वजनों के साथ संम्पन्न करते हैं।

माथुर चतुर्वेदी समाज में मृत्यु हो जाने पर उसके घर वाले कुटुम्बीय, समबन्धी तथा समाज के बन्धुओं की उपस्थिति में गंगा किनारे अथवा नियत स्मशान स्थान पर चिता तैयार कर दाह संस्कार करते हैं। संस्कार कर्ता पिंण्ड दान करता है। शव को चिता पर रख कर पिण्डदान करता है। चिता पर रखे शव की परिक्रमा कर सिर की ओर मुखाग्नी देता है। इस संस्कार में कपाल क्रिया का विशेष महत्व है। जीवन में सारे क्रिया कलाप, विचार, जीवन - दिशा निर्देशन का केन्द्र स्थल कपाल ही है अन्त्येष्ठी करने के बाद चिता ठंडी होने पर फूल चुनना उसको जल में प्रवाहित करना, रीति के अनुसार दाह कर्ता द्वारा 10 दिन तक पीपल वृक्ष पर हांड़ी में जल भर कर जल चढ़ाना, दीपक मृत आत्मा के नाम से करता है। दशवें दिन सुतक शुद्धीकरण दिन देखकर सोमवार, बुधवार या शुक्रवार, इन दिनों में ही सुतक क्रिया सम्पन्न कराना उचित माना गया है।

तत्पश्चात् ब्रह्म भोज - श्राद्ध कर्म किया जाता हे जो 11 वें दिन किया जाता है कहीं श्राद्ध कर्म 12 वें दिन और कहीं 13 वें दिन होता है। हमारे समाज में मृत्यु शोक 1 वर्ष तक माना जाता रहा है। एक वर्ष तक शुभ कार्य भी वर्जित रहा है इस प्रकार चतुर्वेदी समाज में षोडश सोलह संस्कार रीति रिवाज के साथ सम्पन्न करने का प्रावधान है। ***इति***

कन्यादान

वैसे तो गीतकार ने कन्यादान के अवसर के लिये यह गीत रचा था, किन्तु उसके अतिरिक्त, लगुन के दिन से आग्यौनी के दिन तक, नित्य इसकी आवतृत्ति की जाती है। गीत श्रीराम-सीता विवाह-घटना पर आधारित है। शब्द, रचना, भाव आदि देखते ही बनते हैं। गीत की लय मानों करुणा-सरित की प्रवाह-धारा ही है। **'हो रामा'** की टेक से प्रत्येक कड़ी प्रारम्भ होती है। गीत है- **हो रामा**

कन्या जाँईं राम हो पाँईं तब यह यजन सँजोयौ।
यजन सँजोयौ दशरथ जू के ढ़ोटा, ज्यों जन-लोग सिहाई।

और सिहाने वालों, प्रशंसा सुन कर प्रसन्न होने वालों, में स्त्रियाँ यहाँ घर-कुटुम्ब के मृत पुरूषों के नाम ले- लेकर मानों कल्पना को प्रत्यक्ष ही कर देतीं हैं। और फिर अगली पंक्ति में -

ब्याह सँजोयो अमुकिचन्द्र , दुनियाँ तमासें आई।

यहाँ (अमुकिचन्द) के स्थान पर कुटुम्ब के सभी जीवित व्यक्तियों के नाम लिये जाते हैं, जिनका विवाह-कार्य में पूर्ण और सब तरह का योग रहेगा। इस प्रकार नाम-लिये-हुये सात से भी अधिक पीढ़ी के मृत पुरूषों की प्रसन्नता के हेतु, नाम लिये हुए जीवित घर-कुटुम्बियों ने जो विवाह का आयोजन किया है, गीत उसके ब्यौरे का वर्णन करता है -

गिरि पर्वत के खंभ मँगाये, रोपे हैं सीय-दुआरा।
खम्भन खम्भन दियल उजेरौ, जग-मग जोति सुहाई।
हरे-हरे वाँसन मँडपु छवायौ, नगवेलि गूँथि लगाई।
हरे-हरे गोबरू अँगन लिपायौ, गज-मोतिन चौक पुराई।
कूँभ-कलिस अमिरत भरि धरियौ, ऊपर अतवा की डार।
पियरी सी माँटिन वेदी हो राची, अम्ब की समध मँगाई।
वेदिन रचेहु पमारनि केरा, राव बटरे-सिल देऊ।

और अब इस प्रकार यज्ञ-मण्डप व यज्ञ-वेदी विवाह-हेतु समस्त आवश्यक वस्तुओं के साथ प्रस्तुत हो गयी, तब गीत मुख्य-विषय-कन्यादान की क्रिया-पर आता है -

तेहि सिल बैठीं लढ़गहिली अमुक दे, उढ़रि-पुत जोंरे होई।
सोहे लढ़गहिली के करिहा पटोरे, उढ़रि-पुत पियरी सी धोती।

सीता जी के द्वार परख यहाँ विवाह-गृह के द्वार पर अर्थात् कन्या के द्वार पर। पान से बनी वन्दन-वार। कुम्भ का कलश, घड़ा। अमृत-भरा। आम का टोंहा। आम की समिधा, हवन के हेतु। सिल-लोढ़ा अश्मारोहण के हेतु। यहाँ कन्या का नाम लिया जाता है। छिनाल का पुत्र, दूलह के लिये उपालम्भ-शब्द। पास, पार्श्व में। कमर से पहनने का रेश्मी वस्त्र।

सोहे अमुकिया के हाथ गड़ुअरा, अमुकिचंद कुश की डार।
कम्पन लाग्यौ हाथ कौ गड़ुआ, कम्पी है कुश की डार।

माता-पिता के हृदय और हाथ काँप उठे। जो जन्म से लाढ़ में पाली पोशी थी, आज इस समय अपना समस्त स्वत्व छोड़ कर, इस कन्यादान-कृत्य से, सम्पूर्णतः दूसरे को सोंपी जा रही है। मानो घबड़ाये माता पिता को धैर्य देती हुयी कन्या ही कहती है -

अब क्यों कम्पौ मेरे समरथ बाबुल, भई है धरम की बेला।
धरम-इ-धरम प्रकटियौ बाबुल, जिनि कोई बोलै पापी।
पापी होइ सो उठि घर जैओ, धरमी मंडप माँझ।
चन्द्र-ग्रहण नित होइ मेरे बाबुल, सुरज-ग्रहण नहिं होई।
गउअ कौ दानु नित होइ मेरे बाबुल, धिय कौ दानु दुहेतू।
गउअ कौ दानु पुरोहित दीजै, धिय कौ दुलह दमादू।

सच है संसार और गृहस्थ का यही मार्ग है, यही धर्म है। पुत्री दान में दिये जाने के हेतु गृहस्थ-घर में जन्म लेती है। जैसे स्वयं कन्या ही विचलित माता-पिता को धर्म और नीति का स्मरण करा कर उनकी मनोव्यथा कम करती है। फिर, गीत में, कन्या अपने माता-पिता से वचन माँगती है -

एक वचन हम माँगे मेरे बाबुल, फागुन करहु बिआहू।
भात न बूसे, गोतु न रूठै, दहिअ न अमिल होई।

कन्या की माता का नाम लिया जाता है। जल की झाड़ी। कन्या के पिता का नाम लिया जाता है। माता पिता अथवा जो भी कन्यादान कार्य सम्पन्न कर रहे हों। समय। मत, वारण सूचक 'न'। पुत्री। दुहेतू के अर्थ के लिये देखिये पृष्ठ 210। विवाह। सड़ना। परिवार के लोग। गुस्सा होना, कुढ़ना। दही। खट्टा। और साथ ही कन्या की बुआ फूफी अपने भाई कन्या-पिता से -

दुसरौ वचन हम माँगे वीरन जौ तुम कान-धराऊ।
लीलौ सौ घुड़िल, कजरिया बाँकौ फूँद-फुँदारा बाकी बाग।
सो लै देउ लड़िलरी के दुलहा, विहँसत चलइ जमाई।
तिसरौ वचन हम माँगे वीरन, जौ तुम कान धराऊ।
खुटियाँ तुराओ नानुजअ गढ़ाऔ, विहँसत चलइ जमाई।
और इस प्रकार हृदय-कँपा कर कन्यादान का कार्य सम्पन्न हुआ।

विवाह कार्य की समाप्ति पर, ध्रुव दर्शन करके -

ध्रुव की तरैया जब औझप देखी, तब धिय देति असीसा।
'खइयौ पीजौ मेरे आजुल बाबुल, जीजौ लाख बरीसा।'

और दर्शकों का भी आर्शीवाद है कि नव-विवाहित दम्पति सुख-सौभाग्य-समृद्धि आदि के स्वामी हों। फिर भी माता पिता के हृदय में एक लकीर सी दिखाई देती है -

घर की खिलौना मैंने दई है लड़ियरी, तउअ न ठगुपति होई।

और उपस्थित-व्यक्तियों के नयनों का जल आँचल में, और माता के हाथ की झाड़ी से अनवरत, न टूटनेवाली, धार से गिराया हुआ जल कन्या-दाता, कन्या एवं ग्रहण कर्त्ता श्रीवर के हाथों को भिंगोता हुआ, तले रक्खी कन्यादान की परात में एकत्र होता रहता है। टप टप

भाई। सुनो। तेलिया-कुम्मेत। फुँदना-लगी। लगाम। दामाद।

गोरी बाँस बिरग की

बाँस बिरछ से निकरी गौरी, अंग पतर मुख भम्भर भोरी।
के महिं देखी है उड़नि वियारा, के महिं देखी है सींय दुआरा।
निकरत देखी ***(मायके के पुरखों के नाम)*** पुरिखन द्वारा,
पैठत देखी ***(ससुराल के पुरखों के नाम)*** सब पुरिखन बारा।
निकरत देखी जनक दुआरा, पैठत देखी दशरथ बारा (जिवतों के नाम)
एक सदा तेरो ससुर पुजावै चौक बईठत अगर गढ़ाने।
और सदा तेरो जैठ पुजावे चौक बईठत छतुर तनावे,
एक सदा तेरो देवर पुजावे चौक बईठत बैन बजाने।
बेन नगमुंदरी होपावे, लोहरी दौरनिया को ले पहिरावे,
एक सदा बाको नाँह पुजावे, नह सुत छोड़ बिजोरो खबाबे,
और सदा तेरी सास पुजावे चौक बईठत गोविस सुँणावे।
और सदा तेरी दौरानी पुजावे, चौक बईठत विजनी डुलावे।
और सदा तेरी ननद पुजावे, पर घर सिवंई नोत जिवावे।
और सदा तेरी माँय पुजावे, गढ़ मुड़ बैठी छिनरिया गिदोंरा हो बाँटे।
और सदा बाकी भाभी पुजावे, छज्जे पे बैठी कमिया रंगावे।
और सदा तेरो बबुल पुजावे, सराफ के बैठो भड़आ मोहरे भनाबे।
और सदा तेरो बिरन पुजावे, रंगरेजा के बैठो भडुआ घाट रंगावे।
काहे को पलंग काहे के हे पाये, सोनो को पलंग रूपे के हे पाये।
द्वै जने बिल सहे रतन जड़ाए, कौन नक्षत्र जह गौररि न्हाई, कौन नक्षत्र जह सेंज बिछाई।
न्हाई धोय जब मंदिर आई सास ननद मिल जिरुला पिआयो।
जिरुला के संग सेंदुर की है पुरिया पूजी अमुक कुवर तुम्हारी हो ररिया।
पहलो री मास जह जात न जानों, दुसरो री मास फुलझरियन लागो,
तिसरो री मास थुक थुकयन लागो, चोथेरी मास पिय पूँछी है बाता,
गोररि तेरो गोरो है अंग कै तेरी कोख सिदौरा हो फूले कै तेरी कोख रतन फूल लागो,
अहे-2 नाँह लजाब हो मोही बेस चढ़त मेरो गोरो है अंग।
पचये री मास पंच मास हो कीजे, लीलो सो कांजुअरो ले पहि राइये।
छटये री मास छट मासो हो कीजे अमुक कवर के नैहर पाती हो दीजे।
हँसि हँसि बाबुल पाती हो बाँचे, बिहँसति माय गिदौरा हो बाँटे।
समयेरी मास सत मासो हो कीजे रातो रंमाटो जहि ले पहिरइये।
अनगन मास को नाम न लीजे पर घर गोररि जान न दीजे।
ये नव ये दस पूरे हैं मासा पूजी अमुंक कुंवर तुम्हारी हो आशा।
आस पूजी बहू बेटा हो जाओ। अपने ससुर को री वंश बढ़ायो भडुआ बबुल कोरी नाम लिवायो।
सोने की तकुरिन कातो है सूतू अमुंकीचंद ने जाओ है पूतू। छुटनी अमुंक कुंवर ने रोप्यो है वंश।

ओल पनीछा की गोरी

एक सदा बाको ससुर पुजावे तो चौक बैठत दिअल उतारे ये राठोरी झालर भावे।
एक सदा बाको जेठ पुजावे तो चौक बैठत छतुर तनावे। ये राठोरी
एक सदा बाको देवर पुजावे तो चौक बैठत बेन बजावे। ये राठोरी
एक सदा बाकी सास पुजावे तो चौक बैठत फरबिलोये उतारे। ये राठोरी
एक सदा बाकी जिठानी पुजावे तो चौक बैठत गुबस सुंधावे। ये राठोरी
एक सदा बाकी ननद पुजावे तो चौक बैठत सिंभई खवावे। ये राठोरी
एक सदा बाकी माय पुजावे तो गड़मुढ़ बैठ गिदौरा पथावे। ये राठोरी
एक सदा बाको बबुल पुजावे तो चौक बैठत मोहरे भनावे। ये राठोरी
एक सदा बाको बिरन पुजावे छिपियरे के बैठो भडुआ घाट रंगावे। ये राठोरी
एक सदा बाकी भाभी पुजावे तो चौक बैठत कमिया रंगावे। ये राठोरी

साद

देवरिया बड़ो टकसाली ये भाभीजी,
मेरो हँस-हँस घूंघट खोले ये भाभीजी।
मोसे मुरक-मुरक बतरावै ये भाभीजी,
जाय पहलो मास जब लागो ये भाभीजी।
तब हो पिय जात न जानी ये भाभीजी।।
(इसी तरह सभी महिने)

जापे के गीत व सोहर

धौर

आजहूँ न धोरो न जागये गोतो न साप जे,
आजहूँ न नार न छेवये तो पुरहिन पालरे
नार ना छेवये तो जीतन रन चले
देवये पहिर पटोरो जसुमति माँ को न।
कंधर रण जीत आये तो करहुँ बधामना।
धोरये जह कुर छबाये नगबेल गूँथ दे।
धोरये बसरी है बींध तो साँझ छबाये नगबेल गूँथ दे।
धोरये बसरी है बींध तो साँझ गहेलरी।
ते है रे उठंगे वे राम रामचन्द्र धन सोर बीवबे
जो धन पूत जनावहुँ अगर गढ़ाइहो
सो मन नथ गढ़ाबहि रूपे की पाँखुरी।
हम पिय पूत जनावहिं तुम न गढ़ाहियो।
जो न पती जये गोरी (लक्षमन) साख दे
दशरथ धोर गुंसाई तो रामचन्द्र गाह के (सबके नाय)
बाँईर आँख बिसूरहि तो दहिनी परि हँसे
कौशल्या पूत जनावहि सोहर रुर मिले।।

खिचड़ी छोटी

पिय मोहि खिचड़ी की साद सलौनी खिचड़ी।
धन चाउर महंगे है गये और बड़े मोल की दार सलौनी खिचड़ी।
धन इतनो सबद सुनि उठि चली और गई है देवर दरबार सलौनी खिचड़ी।
भाभी काहे ठाड़ी अनमनी और काटे बदन मलीन सलौनी खिचड़ी।
देवर जाउर मंहगे है गये और बड़े मोल की दार सलौनी खिचड़ी।
भाभी चाउर मोल मंगाय हो और बड़े मोल की दारि सलौनी खिचड़ी।
कोई भोर भयो पौ फाटियो और होरिल सबद सुनायो सलौनी खिचड़ी।
कोई बाहर बजत बधाईया घर भीतर मंगल चार सलौनी खिचड़ी।

गंगाजी

बहती है निर्मल धार हे गंगेमात तुम्हारी,
हे गंगेमात तुम्हारी महिमा है सबसे न्यारी,
शोभा है अपरम्पार हे गंगेमात तुम्हारी।।टेक
जो तुममे नित्य नहाबै, सुख संपति सब कुछ पावै,
हो जाये भवसागर से पार।। है गंगेमात
यमराज खड़ा घबड़ावै ये खाली नरक पड़ा है,
खुल गये स्वर्ग के द्वार।। हे गंगेमात
जो तुमसे प्रेम बढ़ावै, शिवजी की भक्ति पावै,
हो जाय भवसागर से पार।। हे गंगेमात

तेरो दरस मोहि भावै री जमुना।।टेक
वृन्दावन के निकट बहत हो, लहरन का छवि भावै री जमुना।। तेरो
दुःख हरनी सुख करनी री जमुना, जो कोई नित्य नहावै री जमुना।। तेरो
न्हाय धोय जपै जल भीतर, छुटेगी जम फाँसी री जमुना।। तेरो
सूरज की एक कन्या कुँआरी, पटरानी कहलाई री जमुना।। तेरो
बैठ पाताल कालीनाग नाथो, कालिन्द्री कहलाई री जमुना।। तेरो
चन्द्रसखी भज बाल कृष्ण छवि, बिमल-बिमल जस गाये री जमुना।। तेरो

कार्तिक माह के गीत

जागिए रघुनाथ कुँवर पंछी वन बोले।।
चंद्र किरण शीतल भई, चकई प्रिय मिलन गई
त्रविधिमंद चलत पवन, पल्लव द्रुम डौले।। जागिए
प्रात भानु प्रकट भयो, रजनी को तिमर गयो
भ्रंमरगुंज करत गान, कमलन-दल खोले।। जागिए
ब्रह्मादिक धरतध्यान, सुरनर मुनि करतगान
जागन की बेर भई, नयन पलक खोले।। जागिए
तुलसीदास अति आनन्द, निरखि के मुखारविन्दु
दीनन को देत दान, भूषन अनमोले।। जागिए

उठ जाग मुसाफिर भोर भई, अब रैन कहाँ जो सोवत है।
जो सोवत है सो खोवत है, जो जागत है सो पावत है।।टेर।।
टुक नींद से अंखियाँ खोल जरा, और अपने प्रभु में ध्यान लगा।
यह प्रीति करन की रीति नहीं, प्रभु जागत है, तू सोवत है।।1।।
जो कल करना है वो आज करले, जो आज करना है वो अब करले।
जब चिड़िया ने चुग खेत लिया, फिर पछताये क्या होवत है।।2।।
नादान युगल कर अपनी करनी, ऐ पापी पान में चैन कहाँ।
जब पाप की गठरी शीश धरी, अब शीश पकड़ क्यूँ रोवत है।।3।।
उठ जाग मुसाफिर भोर भई, अब रैन कहाँ जो सोवत है।

तेरो दरस मोहि भावै री जमुना।।टेक
वृन्दावन के निकट बहत हो, लहरन का छवि भावै री जमुना।। तेरो
दुःख हरनी सुख करनी री जमुना, जो कोई नित्य नहावै री जमुना।। तेरो
न्हाय धोय जपै जल भीतर, छुटेगी जम फाँसी री जमुना।। तेरो
सूरज की एक कन्या कुँआरी, पटरानी कहलाई री जमुना।। तेरो
बैठ पाताल कालीनाग नाथो, कालिन्द्री कहलाई री जमुना।। तेरो
चन्द्रसखी भज बाल कृष्ण छवि, बिमल-बिमल जस गाये री जमुना।। तेरो

तुलसी जी का विवाह - छोटा

आसाढ़े उजिसारी तीज। जै गोविन्दा जै गोपाल
लहर बोओं रानी तुलसा के बीज।। जै गोविन्दा जै गोपाल
बोबउ जोतउ करउ कियारी। उपजो तुलसा कृष्ण पिआरी।
सावन तुलसा पात द्वै पात।। जै गोविन्दा जै गोपाल
भाद्रों तुलसा हरी घनेरी।। जै गोविन्दा जै गोपाल
कुवांर में तुलसा कन्या कुआँर। कार्तिक तुलसा को रचो है विवाह।।जै गोविन्दा
हँसि हँसि राधारानी पूछें बात। जै गोविन्दा जै गोपाल
एड़िया महावर किस विध आज। जै गोविन्दा जै गोपाल
तुम तो राधारानी भई हो बावरी। हम तो गये बगीचन मांझ
मेंहदी को पात मेरी एड़ियन लाग। जै गोविन्दा जै गोपाल
हँसि हँसि राधा रानी पूँछे बात। माथे तिलक किस बिध आज। जै गोविन्दा जै गोपाल
तुम तो राधारानी भई हो बाबरी। हम तो गये खेलन आज
बम्मन बेटा तिलक लिलार।। जै गोविन्दा जै गोपाल
हँसि हँसि राधारानी पूंछे बात। नैनन काजल किस बिधि आज।। जै गोविन्दा जै गोपाल
तुम तो राधारानी भई हो बाबरी। हम तो गये पढ़न चटसार
स्याही की अंगुली मेरे नैनन लागी। जै गोविन्दा जै गोपाल
हँसि हँसि राधारानी पूंछे बात। हाथ मे कंगंन किस विध आज
तुमतो राधा रानी भई हो बाबरी। हम तो गये खेलन आज
बम्मन के बेटा राँखी बाँधि।। जै गोविन्दा जै गोपाल
हँसि हँसि राधारानी पूंछें बात। पियरे कपड़े किस बिधि आज।।जै गोविन्दा
तुमतो राधारानी भई हो बाबरी। धोबिन कपड़े बदले आज।। जै गोविन्दा जै गोपाल
दौड़ि-दौड़ि गई राधेरानी धोबी पास। कृष्णा के कपड़े किस बिध बदले।। जै गोविन्दा
तुम तो राधारानी भई हो बाबरी। तुलसा श्री कृष्णा रचो है बिबाह।। जै गोविन्दा
दौड़ी-दौड़ी राधा प्यारी घर को आई। दे लऐ राधा प्यारी झझन किबाड़।। जै गोविन्दा
तुलसा श्री कृष्णा ऊबे द्वार। खोलो राधारानी झझन किबाड़
हम नहि खोले झझन किबाड़। जै गोविन्दा जै गोपाल
तुम तो जाओ रानी तुलसा के पास। तुलसा श्री कृष्णा रचो है विवाह।। जै गोविन्दा
कँवारी गावैं घर वर पावैं। तरुणी गावैं पुत्र खिलावे
बूढ़ी गावैं बैकुंठ से लौट नहि आवैं।। जै गोविन्दा

हरतालिका तीज का अर्ग

बेल बिजोरौ नारियरो टन टारियरौ, वे देती गौरन दे अर्ग। देने वाली का नाम।
अर्ग दईय वर माँग लिये महादेव जासु भरतार पति का नाम
दे मेरी गौरा रानी सोंजु बरो जो तारे सब परिवार।
दे मेरी गौरा रानी औढो दे अहिवात।
दुर-हुर दुर-हुर मैं भयो गौरन दे बैठी न्हाय।
माथे केवरो रानी सिर गूंथे सुहागिल जबाब न देई।
एड़ियाँ महावर रंग मगो जिनके सिरह कुसूमिल घाट।
हाथ मेहँदुली रंग राचनी उनको गोद जरुलो पूत।
महादेव राव बढ़े वे निश बढ़े उनके धन बहुतेरो माल घनेरो होय।
गौरन दे की पटियाँ जिन ऊदो सो सिन्दुरा जिन मैलो होय।
गौरा रानी माँगो एक बरदान।
हारो नियरो दुःख दारिद्री पर गुद्वियरो परचित्तियरों।
गौरा से मत देऊ भरतार।
नीले से हाँसुला राजा वे चढ़ें सब पंचन में प्रधान।
हाँसिऐ चिन्तिऐ कैसे हँसुला टपकियो।
मैं मगरे मछरे सूती ड़ाग डगोरा है।
लख तोरा ये पाती ये शंकर सिरे चढ़ाइयो।
मैं माघ मास के न्हायें माधो पाइयो।
जो न्हायें फल होय सो मन इछियो।
हाथ कलाई कंगन चूँनर ओढ़ना।
हिये नौ लाख हार पाइ दश अँगुरी।
जाहि जुही को फूल समद को पनियाँ।
महादेव पति का नाम से भरतार गौरन दे रानियाँ देने वाली का नाम
सात अंगुल पानी वे राजा वे रानी।

पुंसवन-सीमन्तोन्नयन चौक

वैदिक सनातन धर्मानुसार जो जीव माता के गर्भ से आता है तो जीवात्मा को शरीर की प्राप्ति माता के रज एवं पिता के वीर्य से होती है। अशुद्ध अवस्था से शुद्ध स्वरूप की प्राप्ति के लिए है हमारे ऋषियों ने संस्कार का विधान अपोरूपेय वेदों के आधार पर किया है हमारे ऋषियों ने संस्कार का विधान अपोरूपेय वेदों के आधार पर किया है। इन्हीं संस्कारों के क्रम में पुंसवन-सीमन्तोन्नयन जिन्हें हम लोग भाषा व्यवहार में चौक कहते हैं। यह महत्वपूर्ण संस्कार जिसकी विशेषताएं निम्नलिखित हैं।

1- यह संस्कार जीव शिशु के गर्भ आने के उपरान्त एवं जन्म से पूर्व छठे-आठवें माह में किया जाता है। जिससे गर्भ में शिशु को बल प्राप्त होता है।

2- जैसे पुंसवन संस्कार के अन्तर्गत दही-काले उड़द एवं जौ का सेवन कराना दुर्वा घास पीस कर वधू को सुंघाना इन्हीं क्रियाओं के द्वारा शिशु को बल प्राप्त होता है।

3- इसी संस्कार में वैदिक मंत्रों के द्वारा हवन में आहुतियां दी जाती हैं जिससे देवता तो प्रसन्न होते ही हैं साथ में वधू जब पति के साथ हवन कर्म में बैठती है तो हवन से जो ताप उसके गर्भ को प्राप्त होता है बाद में मार्जन किया जाता है। इस क्रिया का प्रभाव प्रसूति काल में विशेष फलदायक होता है।

4- इसी क्रम में वीणावादन शंखवादन क्रिया गर्भवती स्त्री के कान पर की जाती है। इसका रहस्य यह है िक जो बालक गर्भ में सुसुप्ति अवस्था में है उसकी चेतना इन मधुर वाद्यों द्वारा जाग्रत होती है।

5- साथ ही रूसामनी रूठना-मनाना कमियांफर चना फर बिलोये ओलपनीछा-सेहें के कांटे वर द्वारा वधू की मांग भरना आदि व्यवहारिक क्रियाएं भी हैं जिनका अपने आपमें विशिष्ट स्थान है। अतः वैदिक संस्कार और लोक व्यवहार के समिश्रण से पिता-माता एवं गर्भस्थ शिशु इन सभी के लिए उज्जवल भविष्य की आधारशिला रखी जाती है। जिसके परिणामस्वरूप सामाजिक एवं आध्यात्मिक लक्ष्य की प्राप्ति सुगमता से प्राप्त कर मानव देह प्रप्ति का जो मुख्य लक्ष्य है अपनी आत्मा के द्वारा परमात्मा की प्राप्ति- यह लक्ष्य सफल होता है। बालक को संस्कार वान बनाने के लिए माता-पिता को सुसंस्कारी होना चाहिए। गर्भिणी प्रसन्न रहे द्वेष, इर्ष्या, क्रोध मनोविकारों से बचती रहे। परिजनों का भी दायित्व होता है कि गर्भिणी को हर प्रकार से प्रसन्न रखने की चेष्टा की जाये।

चौल संस्कार

वैदिक सनातन धर्म अनुसार चौल संस्कार मुण्डन एक महत्वपूर्ण संस्कार है। इस संस्कार के अन्तर्गत गणपति-मातृका पूजन-नान्दीमुख श्राद्ध, छटी-कर्म विधिविधान पूर्वक किया जाता है। लोक में तो कहा भी जाता है कि मुड़ाउन की माँये सबसे बड़ी होती हैं। 16 माँये छटी में तथा 16 माँये मातृका पूजन में रखी जाती हैं। बच्चे के जन्म के बाद अपने-अपने कुल की मान्यता के अनुसार बच्चे की माँ छोड़ावाड़ी करती है जैसे पान बतासा, बैंगन, पत्तल, मीठा, खट्टा, अलता, सिंदूर आदि इन्हीं चीजों को छटी पूजन पानी नागों की पूजा के बाद छिरक कर खाना शुरू करते हैं। इस प्रकार माँ खाने पीने के परहेज से शिशु को कई रोगों से बचा लेती है।

इसी क्रम में बालक का केश माता के गर्भ से बालक के मस्तक पर है उसी अशुद्धि की शुद्धि से संबंधित है। जब तक चौल संस्कार नहीं होता तब तक उपनयन आदि संस्कार का अधिकार प्राप्त नहीं होता।

अतः शूद्रत्व से द्विजत्व की प्राप्ति में यह मुख्य संस्कार है- जब तक चौल मुण्डन नहीं होगा तब तक उपनयन अर्थात् यज्ञोपवीत - गायत्री, वेदपाठ का अधिकार प्राप्त नहीं होता। शास्त्र के अनुसार यज्ञोपवित होकर गायत्री के जप के अधिकार से इसी दूसरे जन्म को द्विज शब्द से संबोधित किया जाता है।

'द्वाभ्यां जन्म संस्काराभ्यां जायते इति द्विज'

द्विज जब ही होगा जब चौल 'मुण्डन' होगा अतः शूद्रत्व से द्विजत्व के मध्य का सेतु है 'चौल संस्कार□

आली चौक



(देहरी पर, जन्म दिवस एवं विवाह पर लगता है)

प्रस्तुत चौक गोबर एवं हल्दी से भूमि को लीपकर आटे द्वारा बनाया जाता है। लड़कों के जन्म दिवस एवं विवाह पर यह चौक मुख्यत: लगाते हैं। यह चित्र मंगल एवं दीर्घायु की कामना से प्रेरित है। ये चौक सदैव घर की देहरी पर ही लगता है।

लड़के के ब्याह का आली चौक



मांगर व लगुन के दिन देहरी से घर के आंगन की ओर तक के स्थान को लीपकर आटे से लगाया जाता है।

लड़की के ब्याह का आलीचौक



मांगर के दिन देहरी पर से घर के आंगन की ओर के स्थान को लीपकर आटे से लगाया जाता है।

माँए शादी की



माँए को 'मातृकाएँ भी कहते हैं। ये पुरखों के नाम की मातृपूजा है। जब भी घर में कोई शुभ कार्य होता है जैसे - मुण्डन, जनेऊ, ब्याह आदि ये दीवार पर भीगे हुए चावलों को पीस कर एवं उसमें हल्दी मिलाकर (ऐपन) रखी जाती है और परिवार के सबसे बड़े व्यक्ति द्वारा इनकी पूजा करवाई जाती है। पूजन पंडित अथवा गुरू करवाते हैं। (जनेऊ एवं मुण्डन में 32 माँएं होती है व बड़ी माँएं कहलाती है।)

अमला

(दीवार पर विभिन्न शुभ रंगों से लगाते हैं)

जब लड़का घर में बहू लेकर आता है उस समय लड़का सबसे पहले बहू लेकर अमला की पूजा करता है। ये घर में सुख एवं समृद्धि का प्रतीक है। इसके पूजन के पश्चात ही बहू घर में प्रवेश करती है।

बैठना चौक

बैठना, चौक जब कोई शुभ कार्य हो तब लड़का या लड़की को चौक पर बैठाते हैं एवं सर्वप्रथम यही चौक लगाते हैं और यदि एक साथ दो लोग चौंक पर बैठें, तो दो सतिये लगाते हैं अन्यथा एक। ये गोबर एवं हल्दी से जमीन लीपकर आटे से बनाया जाता है। इसके ऊपर लकड़ी का पटरा रखकर बैठते हैं, तभी पूजन होता है।

फूल चौक/चाकमास



गर्भाधान संस्कार के समय

नववधू के प्रथम रजस्वला के स्नान के बाद इस चाक मास या फूल चौक का पूजन करवाया जाता है। इस पर कुछ मुद्रायें एपन से चिपकायी जाती हैं।

सीमान्तोन्नयन संस्कार चौक

चौक के समय बनने वाला थापा

थापा दीवार पर रखा जाता है। पूर्व या पश्चिम दिशा थापे पर रूपया चिपकाकर रोली चावल व मिठाई से पूजा की जाती है।

चौंक



(बच्चे के गृह प्रवेश पर लगता है)

नया बच्चा लेकर जब माता घर आती है तब देहरी पर ऐपन से यह चौक लगाया जाता है। यह मंगलसूचक है।

मुण्डन की छठी



सनातन धर्मावलम्बियों में बालक के जन्म के बाद छठवें दिन उस बालक की छठी मनाने की प्रथा है। मात्र माथुर चतुर्वेदी समाज ही है, जिसमें बालक की छठवें दिन छठी मनाने के बाद भी, उसके मुण्डन के समय विशेष श्रद्धा एवं विश्वास के साथ यह षष्ठी जो मुण्डन संस्कार का एक अंग मानी जाती है, सम्पन्न की जाती है।

बूढ़े बाबू का थापा

ये कुल देवता माने जाते हैं। घर में बहू आने पर तथा लड़के का जन्म होने पर इनकी पूजा की जाती है। दही एवं पुये से पूजा होती है। ये चित्र दीवाल पर ऐपन से बनाकर पूजते हैं। दही एवं आटा सवा सेर या सवा पाँच सेर लिया जाता है।

करवा चौथ



कार्तिक कृष्ण पक्ष की चौथ को यह व्रत किया जाता है। सौभाग्यवती स्त्रियाँ स्वपति के रक्षार्थ यह व्रत करती हैं। रात्रि में प्रस्तुत चित्र की एवं सुहाग की वस्तुओं की पूजा की जाती है। दीवाल पर ऐपन से यह चित्र बनाया जाता है।

हर छठ



व्रत भाद्रपद कृष्ण पक्ष की षष्ठी को किया जाता है। प्रधानतः पुत्रवती स्त्रियाँ ही ये व्रत करती है। इस दिन हलमूसलधारी श्री बलराम जी का जन्म हुआ था। दीवार पर ऐपन से यह चित्र बनाया जाता है। माताएँ इसका पूजन कर अपने पुत्र की दीर्घायु की कामना करती हैं।

नाग पंचमी



नागपंचमी के दिन कुछ लोग दरवाजे पर कोयले से 5-7 नागों के चित्र अंकित करते हैं एवं उसके चारों ओर सतिए भी बनाए जाते हैं। इन नागों की पूजा होती है।

काला नाग



वैष्णवों में श्रावण मास की नाग पंचमी पर लहर वाला काला नाग रखा जाता है। दीवार को कलई से पोत लेते हैं। तत्पश्चात नरियली जलाकर उसे कच्चे दूध में घिसकर 'कजर' से भित्ति पर कुछ बूँदें अंकित करते हैं और उन्हें जोड़-जोड़ कर लहराते हुए नाग का रूप दिया जाता है। नाग को मुकुट व कुंडल से सुसज्जित कर देतें हैं। एक नाग को दो पत्नियों की कल्पना की गई है। अतः नाग के दोनों ओर एक एक नागिनें भी बनती हैं। नागराज से कुलरक्षा की कामना की जाती है।

आठ गाँठ का सतिया



(कार्तिक मास में तुलसी के नीचे लगाते हैं)

यह आठ गाँठ का सतिया भी एक सूत्रता को दर्शाता है। खड़िया से तुलसी जी के आगे कार्तिक मास में इस चौक को लगाते हैं। इस पर दीपक जलाया जाता है।

अहोई अष्टमी



यह त्यौहार कार्तिक कृष्णपक्ष की अष्टमी को मनाया जाता है। अहोई देवी के चित्र के साथ सेही सेही और के बच्चे के चित्र भी बनाये जाते हैं। ये बच्चों की मंगल कामना हेतु पूजन है। सफेद पुती हुई दीवार पर गेरु से चित्र बनाया जाता है। केवल पुत्रवती माताएँ ही पूजन करती हैं।

दीपावली



दीपावली-पूजन हेतु प्रस्तुत चित्र बनाया जाता है। दीवार को सफेद पोतकर गेरु से चित्र बनाते हैं और लक्ष्मी का आह्वाहन करते हैं। गणेश पूजन किया जाता है। यह चित्र घर में लक्ष्मी एवं धनधान्य की वृद्धि का पोषक है।

भैया दौज



कार्तिक शुक्लपक्ष की द्वितीया को भैया दौज कहते हैं। दीवार पर करु से भाई को बहनें अपने पिता, भाई एवं भतीजों के नाम की तथा एक अधिक आरवलें (पुतलियां) रखते हैं। सब अपनी अलग-2 आखलें बनातें हैं। भाई की तथा अपने सुहाग की दीर्घायु की कामना की जाती है।

बन्धुवर,

पालागन

कलकत्ता चतुर्वेदी बन्धुओं की अपडेटेड डाइरेक्टरी का प्रयास सफल हो गया है। मुझे हर्ष है कि मेरी युवा कार्यकारिणी हर कार्य को बहुत उत्साहपूर्वक पूरा करती है। इस तृतीय संस्करण का भार भाई चर्तुभुर्जदास, लिलुआ और भाई सूर्यकान्त मोहन, रिषड़ा को सौंपा गया था। आर्थिक और प्रकाशन व्यवस्था ही नहीं बल्कि सारी जानकारी विस्तृत रूप से एकत्रित करना भी इन्हीं के दायरे में था। इन्होंने अत्यन्त सराहनीय योगदान दिया है ये कार्य श्री रामेश्वर दयालजी, पूर्वाध्यक्ष के सहयोग के बिना हो ही नहीं सकता था। इनकी व्याकरण और हिन्दी भाषा का उच्चज्ञान के कारण इस डाइरेक्टरी का स्तर भी ऊँचा हुआ है। अंग्रेजी की रूपरेखा में प्रत्येक परिवार का एक-एक नाम का इन्डेक्स भी दिया गया है जो कि पहले नहीं था। आपलोगों को किसी भी बन्धुवर का नाम ढूंढने में कुछ और आसानी महसूस होगी। ऐसी हमारी आशा है।

हमेशा की तरह पारंपरिक तरीके इसको निशुल्क वितरित करने की उचित व्यवस्था की जायेगी।

धन्यवाद